तापमान

अधिकतम 39.3°C
न्यूनतम 24.0°C

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार 18 जून 2026


**शहर में आज**

- एमडीयू में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम सुबह 6.30 बजे
- जिला विकास भवन में परिवेदना समिति की बैठक सुबह 10 बजे
- निगम कमिश्नर की अधिकारियों के साथ सुबह 11 बजे बैठक

### जलभराव से निपटने को निगम ने कमर कसी, आज खुलेंगे टेंडर

# अब एक करोड़ से होगी शहर के नालों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मानसून की दस्तक से पहले शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पिछले दिनों हुई प्री-मानसून बारिश में शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बनने के बाद निगम प्रशासन ने प्रमुख नालों की विशेष सफाई कराने का फैसला लिया है। इसके लिए करीब एक करोड़ रुपये की लागत से टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है। बृहस्पतिवार को टेंडर खोले जाएंगे, जिसके बाद एजेंसी का चयन कर सफाई कार्य युद्धस्तर पर शुरू कराया जाएगा।

निगम अधिकारियों के अनुसार, शहर में जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पूरे शहर को चार जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में बड़े और प्रमुख नालों की सफाई अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से कराई जाएगी। अभी तक नगर निगम के सफाई कर्मचारी ही नालों की सफाई का काम कर रहे थे, लेकिन सीमित संसाधनों और कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण अपेक्षित गति से कार्य नहीं हो पा रहा था। अब निजी एजेंसी की मदद से बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा।

- सफाई के लिए शहर को चार जोन में बांटा
- अभी तक निगम के सफाई कर्मचारी कर रहे थे नालों की सफाई, अब अलग एजेंसी करेंगी काम

**17 जून को रोहतक भूमि में प्रकाशित समाचार**


मानसून से पहले बारिश का ट्रेलर

दर्जनों स्थानों पर जलभराव, कई नालों में गाद और कचरा जमा

अभी तक जारी नहीं किया गया नालों की सफाई का टेंडर

प्रशासन की सीमित तैयारियों से हर साल होता है लोगों का नुकसान

शहर में दिनभर मेहमान की तरह आती और जाती रही बिजली

20 जून तक फिर बारिश के आसार

### नालों की लम्बाई 100 किलोमीटर से ज्यादा

शहर में नालों का नेटवर्क 100 किलोमीटर से अधिक लंबा है। इनमें कई ऐसे नाले हैं जिनमें लंबे समय से गाद, मिट्टी, प्लास्टिक और अन्य कचरा जमा होने के कारण पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। बरसात के दौरान यही नाले ओवरफ्लो होकर आसपास की सड़कों और कॉलोनियों में जलभराव का कारण बनते हैं। निगम प्रशासन का मानना है कि समय रहते नालों की सफाई पूरी कर ली गई तो इस बार जलभराव की समस्या काफी हद तक कम की जा सकेगी।

### जलभराव के स्थान चिह्नित

नगर निगम ने उन स्थानों की भी सूची तैयार की है जहां हर वर्ष बारिश के दौरान पानी भरने की शिकायतें सामने आती हैं। इनमें गोहाना अड्डा, सेक्टर एक दो तीन, सोनीपत रोड, रेलवे रोड, छोटूराम चौक, गांधी कैंप, रेडियो स्टेशन क्षेत्र, हुडा कॉम्प्लेक्स, दिल्ली रोड, सुभाष चौक, झज्जर रोड और कई प्रमुख बाजार क्षेत्र शामिल हैं। इन स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कर्मचारी और मशीनरी भी तैनात की जाएगी। नालों की सफाई के साथ-साथ निकाले जाने वाले कचरे और गाद को भी तुरंत उठाने की व्यवस्था की जाएगी ताकि वह दोबारा नालों में न पहुंचे। इसके अलावा जलभराव वाले क्षेत्रों में पंप सेट और अन्य संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

### नहीं होगी परेशानी

मानसून को देखते हुए नगर निगम पूरी तरह सतर्क है। शहर में जहां-जहां जलभराव की समस्या रहती है, उन सभी स्थानों को चिह्नित किया गया है। प्रमुख नालों की सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा रही है और अतिरिक्त कर्मचारियों की भी व्यवस्था की जाएगी। हमारा प्रयास है कि बारिश के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नालों की सफाई का कार्य तेज गति से कराया जाएगा और जलनिकासी व्यवस्था को मजबूत बनाया जाएगा। निगम इस बार जलभराव की स्थिति नहीं बनने देगा।

-रामअवतार वाल्मीकि, मेयर

हरिभूमि इम्पैक्ट

### बदहाली को लेकर प्रशासन सख्त, जल्द सुधरेगी तस्वीर

# शौचालयों की सफाई के लिए जारी होगा नया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के सार्वजनिक शौचालयों की जर्जर हालत, टूटे ढांचे, गायब सामान और सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार उठ रहे सवालों के बीच नगर निगम अब बड़े स्तर पर सुधार की तैयारी में जुट गया है। मौजूदा एजेंसी का ठेका समाप्ति की ओर है और निगम जल्द ही नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है।

इसके तहत शहर के करीब 150 सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, मरम्मत और रखरखाव की जिम्मेदारी नई एजेंसी को सौंपी जाएगी। निगम का दावा है कि इस बार प्रत्येक शौचालय की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएगी तथा कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस कार्य की समीक्षा खुद मेयर रामअवतार वाल्मीकि कर रहे हैं। शहर में मौजूद कई सार्वजनिक शौचालयों की हालत लंबे समय से खराब बनी हुई है। कहीं सीटें टूटी हुई हैं तो कहीं पानी और बिजली की व्यवस्था ठप पड़ी है। कई स्थानों पर नल, टंकियां, दरवाजे और अन्य सामान भी गायब हो चुके हैं। नागरिकों और पार्षदों की ओर से लगातार शिकायतें मिलने के बाद नगर निगम प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लिया है।

- कई शौचालय जर्जर और सामान गायब
- हर शौचालय की होगी सफाई, बढ़ेंगे कर्मचारी
- मेयर कर रहे सफाई और मरम्मत कार्यों की समीक्षा

**17 जून को रोहतक भूमि में प्रकाशित समाचार**


बुनियादी सुविधा फेल : शहर में 150 शौचालय, कहीं गंदे, टूटे दरवाजे, तो कहीं लटके ताले, टोंटिया तक गायब

ठेकेदार ने सभी शौचालयों पर तैनात नहीं किए कर्मचारी

लाखों के शौचालय बनाने पर रहा जोर, एक साल में 1.17 करोड़ का सफाई ठेका देकर हालात देखना भूला निगम

### शहर में हैं करीब 150 सार्वजनिक शौचालय

नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार, शहर में लगभग 150 सार्वजनिक शौचालय हैं। वर्तमान में सफाई कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण कई शौचालयों की नियमित सफाई नहीं हो पाती। नई व्यवस्था में प्रत्येक शौचालय पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और जरूरत के अनुसार अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा जर्जर शौचालयों की मरम्मत और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

### सख्त होंगे सफाई व रखरखाव के मानक

अधिकारियों के अनुसार, नए टेंडर में सफाई और रखरखाव के मानकों को पहले की तुलना में अधिक सख्त बनाया जाएगा। एजेंसी को नियमित निरीक्षण और रिपोर्टिंग की शर्तों का पालन करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने का प्रावधान भी रखा जाएगा। इस बीच मेयर रामअवतार वाल्मीकि भी सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों के साथ विभिन्न शौचालयों की सफाई और मरम्मत कार्यों की समीक्षा की है तथा आवश्यक सुधार जल्द कराने के निर्देश दिए हैं।

### दूर करेंगे कमियां



शहरवासियों को स्वच्छ और बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना नगर निगम की प्राथमिकता है। शहर के सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और मरम्मत को लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है। जहां भी कमियां सामने आ रही हैं, उन्हें दूर कराया जाएगा। नए टेंडर के माध्यम से शौचालयों की व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

-रामअवतार वाल्मीकि, मेयर



# नीरज हत्याकांड: आरोपी न पकड़े जाने से परिजनों-ग्रामीणों में गुस्सा, गांव में तनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

ईस्माइला गांव में 33 वर्षीय नीरज की नृशंस हत्या के तीसरे दिन भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। मामले की जांच में जुटी पुलिस को अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिजनों और ग्रामीणों में भारी रोष और गांव में तनाव का माहौल है। महिलाएं व ग्रामीण धरने पर डटे हुए हैं। पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए सीआईए टीम को भी लगाया है। डीएसपी दलीप सिंह ने घटनास्थल का दोबारा निरीक्षण कर जांच की समीक्षा की। पुलिस गांव और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल चुकी है तथा कुछ संदिग्धों से पूछताछ की भी चर्चा है। सोमवार सुबह जलघर परिसर से नीरज का शव बरामद हुआ था। उसकी गर्दन पर धारदार हथियार के गहरे वार मिले थे। घटनास्थल से खून से सनी कस्सी, चप्पल और अन्य साक्ष्य भी मिले थे।



### गिरफ्तारी न हुई तो सड़क पर उतरेंगे ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि जब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। मामले के खुलासे में देरी से गांव में तनाव और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि बुधवार रात तक गिरफ्तारी नहीं होने पर मामला दलित आयोग के समक्ष उठाया जाएगा। वहीं गुरुवार को सड़क पर धरना और बड़े प्रदर्शन की भी चेतावनी दी गई है। बीएसपी और भीम आर्मी एकता मिशन के नेताओं के धरना स्थल पहुंचने से आंदोलन और तेज होने के संकेत मिले हैं।

## प्रोफाइल पर परिचित का फोटो लगाकर भरोसा जीता और ठग लिए 1 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

साइबर ठग ने विदेश से पैसे भेजने का झांसा देकर भैणी मातो निवासी एक युवक से एक लाख रुपये ठग लिए। ठग ने युवक के सोशल मीडिया पर परिचित की फोटो लगाकर उसका भरोसा जीता और वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। योगेश ने बताया कि 13 जून को उसके मोबाइल पर सोशल मीडिया के माध्यम से एक संदेश आया। संदेश भेजने वाले की प्रोफाइल पर उसके परिचित दिलबाग की फोटो लगी हुई थी, जो वर्तमान में सऊदी अरब में रहता है। आरोपी ने खुद को दिलबाग बताकर 23,750 यूएई दिरहम भेजने की बात कही और कथित बैंक ट्रांजैक्शन स्लिप भी भेजी। बाद में उसने आपात स्थिति का हवाला देकर पैसों की मांग की। परिचित समझकर योगेश ने विभिन्न माध्यमों से कुल एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में ठगी का पता चलने पर उसने पुलिस से शिकायत की।


## एचडीएफसी बैंक का अधिकारी बन 1.15 लाख रुपये ठगे, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने एचडीएफसी बैंक का अधिकारी बनकर 1.15 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि आजादगढ़ निवासी तेजबीर की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 2 अप्रैल को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को एचडीएफसी बैंक का अधिकारी बताया। आरोपी ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया। वीडियो कॉल की और बैंकिंग प्रक्रियाओं के बहाने ओटीपी लेकर खाते से 115438 रुपये निकाल लिए। रकम कटने का पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी। जांच पीएसआई शुभम ने की और तकनीकी साक्ष्यों और साइबर जांच के आधार पर पुलिस ने 16 जून को नई दिल्ली निवासी कुलदीप पुत्र अशोक, ललित पुत्र नथुराम व हिमांशु पुत्र मंगलराज को गिरफ्तार कर लिया।

## डी-मार्ट रेडी एप पर शॉपिंग का झांसा दे 20 हजार ठगने का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने डी-मार्ट रेडी ऐप पर शॉपिंग करने के नाम पर हुई 20 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि प्रेम नगर निवासी मनोज की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 31 मार्च को उसके पास एक अज्ञात युवक का फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को कंपनी से जुड़ा बताकर डी-मार्ट रेडी ऐप पर खरीदारी करने पर विशेष ऑफर मिलने का लालच दिया। आरोपी के झांसे में आकर मनोज ने बताए गए तरीके से ऐप पर ऑर्डर कर दिया। ऑर्डर करते ही उसके बैंक खाते से 20,226 रुपये कट गए। रुपये कटने के बाद उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला, जिसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। मामले की जांच मुख्य सिपाही नवीन द्वारा की गई। तकनीकी जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 16 जून को आरोपी धीरज पुत्र मुन्नु निवासी उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया।



**सुनी गुहार** प्रशासन व पूर्व मंत्री मनीष से मिले व्यापारी, बोले- कारोबार हुआ चौपट

# डी पार्क पर बैरिकेड पीछे हटाए, दुकानदारों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

डी पार्क अग्निकांड के बाद व्यापारियों की मांग पर प्रशासन ने बैकिकेड पीछे हटाकर दुकानदारों को राहत दी है। अब केवल जली हुई दुकानों तक ही बैरिकेडिंग की गई है। बैरिकेड पीछे हटाने के बाद व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। उनका कहना है कि इससे ग्राहकों की आवाजाही सुगम होगी और प्रभावित कारोबार को दोबारा पटरी पर लाने में मदद मिलेगी।

गौरतलब है कि गत मंगलवार को डी पार्क स्थित बाजार में भीषण आग लगने से 12 दुकानें जलकर राख हो गई थीं। हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना के बाद सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने क्षेत्र में बैरिकेड लगा दिए थे, जिससे बाजार तक पहुंचने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। व्यापारियों का कहना था कि आग की घटना से पहले ही उन्हें भारी नुकसान हुआ है और बैरिकेड के कारण बचा-खुचा कारोबार भी प्रभावित हो रहा था।



### अधिकारयों से मिला था प्रतिनिधिमंडल

इसी मांग को लेकर व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रशासनिक अधिकारियों तथा पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर से मिला और समस्या के समाधान की गुहार लगाई। दुकानदारों में महेश घई, गौरव, प्रिंस, कपिल, दीपक , गोपाल, संतोष, मनोज, अमन आदि शामिल रहे। व्यापारियों ने कहा कि आगजनी की घटना के बाद पहले ही बाजार में ग्राहकों की संख्या कम हो गई है। वहीं, विभिन्न स्थानों पर लगाए गए बैरिकेड लोगों के बाजार तक पहुंचने में अतिरिक्त बाधा बन रहे हैं। इससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए अनावश्यक बैरिकेड हटाए जाएं ताकि बाजार की गतिविधियां सामान्य हो सकें।

### समस्या से करवाया अवगत



प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर को भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया। व्यापारियों ने बताया कि कई दुकानदारों की जीवनभर की पूंजी आग में स्वाहा हो गई है और अब कारोबार दोबारा खड़ा करने की चुनौती सामने है। ऐसे में बाजार का सामान्य संचालन उनके लिए बेहद जरूरी है। पूर्व मंत्री ने प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत कर समाधान के लिए कहा। इस दौरान प्रशासन की ओर से व्यापारियों को आश्वस्त किया गया कि अग्निकांड में प्रभावित लोगों को जल्द मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया जारी है। घटना की मजिस्ट्रेट जांच भी चल रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रभावित परिवारों और दुकानदारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



रोहतक। लोगों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करते सूचना, जनसंपर्क विभाग के कर्मचारी।

### व्यापक जन-जागरूकता अभियान जारी : डीसी

**रोहतक।** भारत सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में व्यापक जन-जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है। स्कूलों, महाविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगिताओं, संवाद कार्यक्रमों और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### महम में कार ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर

**महम।** बहलबा मोड़ के पास सड़क हादसे में एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को दी शिकायत में कलानौर निवासी मुकेश कुमार पुत्र बनवारी लाल ने बताया कि वह किसी काम के लिए कलानौर से महम जा रहा था। दोपहर दो बजे जब वह बेरी रोड पर पहुंचा तो महम की ओर से एक कार चालक कार को तेज रफ्तार से चलाता हुआ आ रहा था। जिसने कार एकदम बेरी रोड पर मोड़ दी। जिस वजह से कार मोटर साइकिल से टकरा गई। टक्कर लगते ही उसका मोटर साइकिल रोड पर गिर गया। वह भी रोड पर गिर गया। इस वजह से उसको चोटें आई हैं। हादसे में उसका लेपटॉप टूट गया।

### सुनील व कपिल बने शहरी कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष

**रोहतक।** हरियाणा कांग्रेस कमेटी ने रोहतक में दो शहरी ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। शहरी कांग्रेस के अध्यक्ष कुलदीप केडी ने बताया कि शहरी कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सुनील गोयल बल्ली और कपिल खन्ना को दी गई है। आज अध्यक्षों के स्वागत के लिए समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### बाड़ विवाद पर सेवानिवृत्त असिस्टेंट के साथ मारपीट

**महम।** गांव खरकड़ा में खेत पर लोहे की बाड़ लगाने को लेकर हुए विवाद में वरिष्ठ नागरिक के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। खरकड़ा गांव निवासी रामधारी पुत्र धर्मचंद ने बताया कि वह वेलफेयर डिपोर्टमेंट हरियाणा से असिस्टेंट के पद से रिटायर है। सुबह के समय वह अपने भराण रोड वाले खेत में गया था। वहां पर ज्वार बो रखी है और धान की पौध लगा रखी है। फसलों को आवारा पशु खा जाते हैं। इसलिए उसने लोहे की तार से बाड़ लगा दी। शाम को पांच बजे के आस पास वह फिर खेत में गया तो उसकी बाड़ उखाड़ रखी थी। उसके भतीजे जयवीर पुत्र वजीर से उसने कहा कि उसने यह बाड़ क्यों उखाड़ दी। यह सुनकर वह गुस्सा हो गया। उसने दाहिने हाथ पर फावड़ा मारा।

## एलईडी लाइटें, मोबाइल एवं लैपटॉप चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध

# स्वच्छ ऊर्जा और आधुनिक तकनीक का संगम: हरियाणा का पहला सोलर इको कूलिंग कैबिन नागरिकों को किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा न्यू बस स्टैंड पर शहरवासियों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने तथा पर्यावरण अनुकूल शहरी सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सोलर इको कूलिंग कैबिन' को सीएसआर के माध्यम से बनवाया गया है।

जिसका बुधवार को मेयर रामअवतार वाल्मिकी, निगम कमिश्नर नरेंद्र कुमार, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने नारियल फोड़कर केबिन का शुभारंभ किया। यह पहल सौर ऊर्जा एवं प्राकृतिक शीतलन तकनीकों पर आधारित है। निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि इसमें 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पावर सिस्टम बैटरी बैकअप सहित स्थापित किया गया है। इस कैबिन में खस (वेटिवर) आधारित प्राकृतिक कूलिंग पैनल, वाटर मिस्ट कूलिंग सिस्टम, प्राकृतिक वायु संचार व्यवस्था, दो सीलिंग फैन, दो वॉल फैन, एल.ई.डी. लाइटें तथा मोबाइल एवं लैपटॉप चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इंसुलेटेड संरचना के कारण कैबिन के अंदर का वातावरण अपेक्षाकृत ठंडा एवं आरामदायक बना रहता है। सीएसआर के माध्यम से तैयार करवाए गए सोलर इको कूलिंग कैबिन का विधिवत शुभारंभ एवं उद्घाटन नारियल फोड़कर नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मिकी द्वारा किया गया। इससे गर्मी के अतिरिक्त बरसात के समय भी लोगो को राहत मिलेगी व सर्दी के मौसम में रैन बसेरे के कार्य में भी इस्तेमाल में लाया जाएगा।



रोहतक। 'सोलर इको कूलिंग कैबिन' का शुभारंभ करते मेयर रामअवतार वाल्मिकी, निगम कमिश्नर नरेंद्र कुमार व एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन। फोटो : हरिभूमि




रोहतक। सोलर इको कूलिंग कैबिन के बाहर मेयर रामअवतार वाल्मिकी, निगम कमिश्नर नरेंद्र कुमार व एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### हीट स्ट्रेस और निर्जलीकरण से मिलेगी राहत

यह परियोजना नगर निगम, रोहतक की जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील एवं नागरिक केंद्रित विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित किए जाने वाले ये कैबिन भीषण गर्मी के दौरान लोगों को सुरक्षित एवं आरामदायक विश्राम स्थल उपलब्ध कराएंगे, जिससे हीट स्ट्रेस, निर्जलीकरण एवं गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने में सहायता मिलेगी। यह पहल रोहतक को एक स्वच्छ, हरित एवं जलवायु अनुकूल शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह खास तोहफा

वर्तमान समय में बढ़ते तापमान की स्थिति को देखते हुए आमजन, विशेषकर पैदल यात्रियों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं, श्रमिकों एवं सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने वाले नागरिकों को राहत प्रदान करना इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है। सौर ऊर्जा संचालित यह कैबिन पारंपरिक बिजली पर निर्भरता को कम करते हुए पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह हरियाणा प्रदेश में प्रथम सौर ऊर्जा आधारित इको कूलिंग केबिन होगा। इससे गर्मी के अतिरिक्त बरसात के समय भी लोगो को राहत मिलेगी व सर्दी के मौसम में रैन बसेरे के कार्य में भी इस्तेमाल में लाया जाएगा। इसमें एक समय में 25 व्यक्तियो के ठहराव की व्यवस्था होगी तथा सुरक्षा के लिए निगम कर्मचारी की डयूटी लगाई जाएगी व सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाएंगें।

### बिजली की बचत व सभी सुविधाएं

सोलर इको कूलिंग कैबिन के माध्यम से स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर कम लागत में प्रभावी शीतलन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह परियोजना न केवल बिजली की बचत करेगी, बल्कि कार्बन उत्सर्जन को कम कर हरित एवं सतत शहरी विकास को भी प्रोत्साहित करेगी। भविष्य में इस प्रकार की आधुनिक एवं पर्यावरण हितैषी तकनीकों को शहर के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी अपनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

## शहर में पेयजल संकट, विभाग फिर भी कर रहा अनदेखी

# सोनीपत रोड पर 4 दिन से व्यर्थ में बह रहा लाखों लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में एक ओर लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सोनीपत रोड पर पिछले चार दिनों से लाखों लीटर कच्चा पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। सड़क और राजबाहा पानी से लबालब हैं, लेकिन यह पानी पुराने जलघर तक नहीं पहुंच पा रहा। इस स्थिति ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिक विभाग की कार्यप्रणाली, निगरानी व्यवस्था और जल प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जेएलएन फीडर से पुराने जलघर तक कच्चा पानी पहुंचाने के लिए राजबाहा बनाया गया है। लेकिन यह राजबाहा लंबे समय से ओवरफ्लो की समस्या से जूझ रहा है। वर्तमान में भी बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर फैलकर बह रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस पानी को व्यवस्थित ढंग से जलघर तक पहुंचाया जाए तो जल संग्रहण क्षमता बढ़ सकती है और शहर के कई हिस्सों में पानी की कमी दूर हो सकती है।



### 90 एमएम पाइपलाइन योजना अब भी फाइलों में

समस्या के स्थायी समाधान के लिए खुले चैनल की जगह 90 एमएम की अंडरग्राउंड लोहे की पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई गई थी। माना जा रहा था कि इससे पानी की बर्बादी और ओवरफ्लो की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। लेकिन आज तक इस परियोजना पर काम शुरू नहीं हो पाया है। न निर्माण की कोई स्पष्ट समयसीमा घोषित की गई।

### 12 साल से नहीं मिल रही नियमित जलापूर्ति

सेक्टर-2 पार्ट निवासी बिजेंद्र दलाल का कहना है कि पिछले 10 से 12 वर्षों से शहर के बड़े हिस्से को दिन में दो बार नियमित पेयजल उपलब्ध कराने में विभाग सफल नहीं हो पाया है। गर्मी के मौसम में हालात और गंभीर हो जाते हैं। दूसरी तरफ लाखों लीटर पानी सड़कों पर बहकर नष्ट हो रहा हो, यह तकनीकी समस्या नहीं बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का भी मामला है।

### स्टोरेज की कमी का तर्क, बर्बाद पर खामोशी

विभाग वर्षों से दलील दे रहा है कि शहर में नियमित जलापूर्ति नहीं हो पाने का प्रमुख कारण रॉ वाटर के भंडारण के लिए पर्याप्त टैंकों व स्टोरेज क्षमता का अभाव है। खुलेआम बह रहे पानी को रोकने में विभाग की नाकामी समझ से परे है। सवाल उठ रहा है कि जलघर के लिए उपलब्ध पानी सड़कों पर बह रहा है तो उसे संरक्षित करने को कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे।

### जवाबदेही तय हो

वहीं जोगेंद्र सिंह ने कहा कि विभाग को तत्काल ओवरफ्लो के कारणों की जांच कर प्रभावी समाधान लागू करना चाहिए। लंबित पाइपलाइन परियोजना को शुरू कर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि शहर का पानी सड़कों पर बहने के बजाय जलघरों और लोगों के घरों तक पहुंचे। स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जलापूर्ति संकट और पानी की बर्बादी को लेकर जवाबदेही तय करने की मांग और तेज होगी।

### दावे भी कटघरे में

कुछ समय पहले विभाग ने राजबाहे की सफाई कराने का दावा किया था। मौजूदा हालात इन दावों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। यदि सफाई तकनीकी मानकों के अनुरूप हुई होती तो राजबाहा लगातार ओवरफ्लो नहीं होता और पानी सड़क पर नहीं फैलता। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सफाई अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह गया और जमीनी स्तर पर समस्या जस की तस बनी हुई है।

## दिल्ली बाइपास ओवरब्रिज पर हादसा, कार क्षतिग्रस्त



**रोहतक।** दिल्ली बाइपास ओवरब्रिज एक बार फिर हादसे का कारण बन गया। बाबा मस्तानाथ यूनिवर्सिटी के पास सड़क पर अंडरपास के निर्माण कार्य के चलते वाहन चालक वन-वे रोड का उपयोग करने को मजबूर हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। बुधवार को नहर के पास खड़ी एक कार को पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर कार चालक नहीं मिला, बताया जा रहा है कि घायल को अस्पताल भेजा गया है। सड़क से गुजर रहे लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित है और सुरक्षा उपायों के अभाव में यहां लगातार हादसों का खतरा बना हुआ है।

## निर्माण मजदूरों की खंडस्तरीय पंचायत 20 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण मजदूरों का रद्द किया गया पंजीकरण बहाल करने, मजदूरों की बकाया दिहाड़ी दिलाने तथा श्रमिक सुविधाओं की मांग को लेकर भवन निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) ने 20 जून को प्रस्तावित ब्लॉक स्तरीय मजदूर पंचायत की तैयारियां तेज कर दी हैं। पंचायत के प्रचार अभियान के तहत यूनियन ने बुधवार को शहर की विभिन्न कॉलोनियों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर मजदूरों को संगठित करने का आह्वान किया।



### नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया

नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य उपप्रधान विनोद, जिला उपप्रधान संजीव सिंह, ब्लॉक प्रधान रमेशचंद्र, सचिव किशोर और कोषाध्यक्ष रवि ने कहा कि श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकृत लाखों निर्माण मजदूर विभिन्न सुविधाओं से वंचित हैं। उनका आरोप है कि बोर्ड में पंजीकृत करीब 95 प्रतिशत मजदूरों के पंजीकरण रद्द कर दिए गए हैं, जबकि लंबे समय तक पोर्टल बंद रहने के कारण पंजीकरण, नवीनीकरण और अन्य लाभों की प्रक्रिया भी प्रभावित रही है। इस दौरान धर्मदास, मनोज, सुरेश यादव, कपिल, रविंदर, सुरेश, सोनू, गयाप्रसाद और जितेंद्र सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

## सुपरवाइजर पर हमले से भड़के कर्मी



**सांपला।** नगरपालिका के सफाई सुपरवाइजर के साथ कथित मारपीट की घटना के विरोध में बुधवार को सफाई कर्मचारियों ने कामकाज ठप कर हड़ताल कर दी। कर्मचारियों के आंदोलन के चलते पूरे दिन शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित रही और कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लग गए। देर शाम नगरपालिका चेयरमैन प्रवीण कोच की पहल पर दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद हड़ताल समाप्त हुई। नगरपालिका में कार्यरत सफाई सुपरवाइजर अमित पुत्र आजाद निवासी वाल्मीकि मोहल्ला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार सुबह करीब पौने छह बजे उसके पास अभिषेक ओहल्यान का फोन आया। फोन पर उसे घर से बाहर बुलाया गया। आरोप है कि जैसे ही वह घर से बाहर निकला, वहां पहले से मौजूद अभिषेक अपने कुछ साथियों के साथ खड़ा मिला और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे जबरन वाहन में बैठाने का भी प्रयास किया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद हमलावर वहां से चले गए।

■ दिनभर ठप रही सफाई व्यवस्था

## ग्रोवर ने की एसआईआर को लेकर बैठक



**महम।** पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक को पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एसआईआर को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई। कार्यकर्ता वोटर लिस्ट शुद्धिकरण अभियान में जुट जाएं। ग्रोवर ने महम के अलावा लाखन माजरा, सैमाण और बहु अकबरपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं के संग भी बैठक कर एसआईआर को लेकर ड्यूटियां लगाई। भैणी चंद्रपाल गांव में ग्रामीणों ने स्वागत किया। मौके पर उनके साथ महंत सतीश दास, दीपक हुड्डा, सत्यप्रकाश बिसला, मनोज फरमाणा, मुकेश वशिष्ठ, मुकेश खत्री, अमित, विकास श्योराण, कविता खरकड़ा, जोगिंद्र गिरोत्रा, पूर्व चेयरमैन फतेह सिंह, बसंत लाल गिरधर, महेश शर्मा, पूर्व सरपंच राजेश, सैमाण की सरपंच उर्मिला, जितेंद्र कुमार उर्फ गुगन, नवनीत चेयरमैन, रामनिवास रोहिला व रणबीर सिंह मौजूद थे।

■ पूर्व मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दिए अहम टिप्स

## महाराणा प्रताप राष्ट्र के सच्चे सपूत थे: ढाका




**रोहतक।** मंगल कमल कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र के सच्चे सपूत व बलिदान की पराकाष्ठा के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई। जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज ने बताया कि इस अवसर पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका ने कहा कि महाराणा प्रताप देश के सच्चे सपूत थे। उन्होंने प्राणों का की परवाह न करते हुए देश को मुगलों के आतंक से बचाने में अपनी जान लगा दी। महाराणा प्रताप का जन्म 17 जून,1540 को कुम्भलगढ़ किले में हुआ। आपकी माता जयन्ताबाई थी जबकि उनके पिता का नाम उदयसिंह था। आपके साथ ही प्यारे घोड़े का नाम चेतक था, जिसका नाम भी इतिहास में दर्ज है। जिला भाजपा समन्वयक व वरिष्ठ भाजपा नेता हरिओम मित्तल भाली ने कहा कि महाराणा प्रताप बलिदान का जीवंत उदाहरण हैं। एडवोकेट शिवकुमार परमार कार्यक्रम के संयोजक रहे। मौके पर वीर सिंह हुड्डा, सुखबीर चंदेलिया, संदीप जांगड़ा, एडवोकेट वजीर खोखर, चेयरमैन उदयभान मलिक, नवीन रोहिल्ला, डॉ.मन्नू कुंडू, मुकेश दुग्गल, सुनील राठौर व महासिंह आदि मौजूद रहे।

## गांवों की सुरक्षा में सेंध, पंचायतों की उदासीनता से ग्रामीणों में रोष

# प्रशासनिक निर्देशों के बावजूद कैमरों से दूरी बना रहीं पंचायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

गांवों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार और प्रशासन लगातार सीसीटीवी कैमरे लगाने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन सांपला खंड के अधिकांश गांवों में आज भी सार्वजनिक निगरानी व्यवस्था नदारद है। स्थिति यह है कि किसी वारदात, चोरी, दुर्घटना या आपराधिक घटना के बाद पुलिस और प्रशासन को निजी प्रतिष्ठानों या घरों में लगे कैमरों के फुटेज पर निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतों की उदासीनता के कारण गांव आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था से वंचित हैं। महिलाओं का मानना है कि यदि गांवों की मुख्य गलियों, चौपालों, स्कूलों, बस स्टैंडों और प्रवेश मार्गों पर कैमरे लगाए जाएं तो शराब पीकर उत्पात मचाने वालों, तेज बाइक चलाने और स्टंट करने वाले युवकों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। साथ ही छेड़छाड़, चोरी और अन्य असामाजिक गतिविधियों पर भी निगरानी रखी जा सकेगी। हाल के वर्षों में गांवों में हुई कई गंभीर घटनाओं के बाद कैमरों की आवश्यकता और अधिक महसूस की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब कोई बड़ा हादसा या अपराध होता है तब पंचायतों को सुरक्षा व्यवस्था की याद आती है, लेकिन समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जाते।

### तीसरी आंख का अभाव बन रहा चुनौती



सीसीटीवी कैमरों को सुरक्षा व्यवस्था की तीसरी आंख माना जाता है। यह न केवल अपराधियों की पहचान में मदद करते हैं बल्कि उनकी मौजूदगी ही अपराध करने वालों में भय पैदा करती है। गांवों में कैमरों की अनुपस्थिति के कारण कई मामलों में जांच प्रभावित होती है और पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग जुटाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

### सरपंच एसोसिएशन के प्रधान बोले-फंड के अभाव में अटकी कैमरा योजना

सरपंच एसोसिएशन के प्रधान प्रमोद काला (रोहज) का कहना है कि गांवों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की आवश्यकता से कोई इनकार नहीं कर सकता, लेकिन पंचायतों के पास इसके लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध नहीं है। कई पंचायतें कैमरे लगाने संबंधी प्रस्ताव पारित कर प्रशासन को भेज चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में केवल निर्देश जारी कर देने से काम नहीं चलेगा। यदि सरकार और प्रशासन गांवों में निगरानी व्यवस्था को मजबूत करना चाहते हैं तो पंचायतों को विशेष बजट उपलब्ध कराया जाए, ताकि कैमरे लगवाने का कार्य जल्द पूरा हो सके।

### कैमरे लगवाने की प्रक्रिया

ग्राम पंचायत को सबसे पहले ग्राम सभा में कैमरे लगाने का प्रस्ताव पारित करना होता है। इसके बाद प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजा जाता है। विभागीय स्तर पर इलेक्ट्रिकल जूनियर इंजीनियर (जेई) तकनीकी जांच करता है तथा निर्धारित मानकों और गुणवत्ता वाली कंपनी से कैमरों की खरीद और स्थापना की प्रक्रिया पूरी करवाई जाती है।

### रुचि नहीं दिखा रहे: बीडीपीओ

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ)युधिष्ठिर ने बताया कि अधिकांश सरपंच कैमरों के रखरखाव और मरम्मत की जिम्मेदारी के कारण इस दिशा में विशेष रुचि नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार बंदरों द्वारा तार तोड़ दिए जाते हैं, जिससे रखरखाव की समस्या आती है। हालांकि पंचायतें अपने पंचायत फंड से भी कैमरे खरीद सकती हैं, बशर्ते उनकी गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप हो।

# बीएलओ घर-घर जाकर भरवा रहे हैं एसआईआर फॉर्म : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से निर्धारित प्रपत्र भरवाने का कार्य कर रहे हैं। अफसरों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। पात्रों के नाम सूची में शामिल करना तथा अपात्र प्रविष्टियों को हटाकर मतदाता सूची को अधिक विश्वसनीय बनाना है।






रोहतक। घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करते बीएलओ। फोटो : हरिभूमि

### जानकारी उपलब्ध कराकर पूरा सहयोग करें

डीसी ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की कि जब बीएलओ उनके घर आएं तो वे आवश्यक दस्तावेज और जानकारी उपलब्ध कराकर पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और इसकी शुद्धता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। सचिन गुप्ता ने कहा कि किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए नागरिक अपने संबंधित बीएलओ, निर्वाचन कार्यालय अथवा हेल्पलाइन से संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक पूरा हो।

# पाकिस्तान के आबिद अली से 19 जुलाई को भिड़ेंगे संग्राम सिंह

■ संग्राम सिंह ने कहा मलेशिया के प्रधानमंत्री भी देखेंगे मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भारत के मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) स्टार और दिग्गज अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह एक बार फिर वैश्विक खेल पटल पर देश का गौरव बढ़ाने के लिए तैयार हैं। वह 'मलेशिया स्ट्राइक एमएमए चैंपियनशिप 2026 में सीधे खिताब के लिए रिंग में उतरेंगे, जहाँ उनका मुकाबला पाकिस्तान के अनुभवी फाइटर आबिद अली से होगा। 19 जुलाई को कुआलालंपुर में होने वाली यह एशिया चैंपियनशिप टाइटल फाइट खेल जगत के सबसे चर्चित मुकाबलों में से एक मानी जा रही है। संग्राम सिंह ने बताया कि मलेशिया के प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक खिताबी जंग को लाइव देखने के लिए उपस्थित रहने की संभावना है।

### संग्राम सिंह के नाम जुड़ने जा रहा बड़ा रिकॉर्ड

राष्ट्रमंडल खेल के हैवीवेट चैंपियन रह चुके संग्राम सिंह के लिए यह मुकाबला उनके करियर का चौथा प्रोफेशनल एमएमए मैच होगा। खास बात यह है कि इस स्तर पर एशिया चैंपियनशिप के खिताब के लिए चुनौती देने वाले वह भारत के पहले फाइटर बनने जा रहे हैं। वह 83-89 किलोग्राम भार वर्ग (हैवीवेट) में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

### पिछले तीनों मैचों में हासिल की शानदार जीत

डेब्यू फाइटः जॉर्जिया में पाकिस्तान के ही अली रज़ा नासिर को मात दी थी।
दूसरी फाइटः नीदरलैंड्स में ट्यूनीशिया के हाकिम त्राबेल्सी को हराया था।
तीसरी फाइटः अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में फ्रांस के फ्लोरियन कौडिएर को महज 1 मिनट 45 सेकंड में नॉकआउट कर इतिहास रचा था।


### ग्लोबल पीस अवॉर्ड और भारत-पाक प्रतिद्वंद्विता

संग्राम सिंह इस मुकाबले में एक बेहद सफल और प्रेरणादायक साल के बाद उतर रहे हैं। खेल, समाज में उनके नेतृत्व और वैश्विक शांति पहलों में अभूतपूर्व योगदान के लिए उन्हें हाल ही में बिलियनेयर ग्लोबल पीस अवॉर्ड 2026 से भी सम्मानित किया गया है। 42 वर्ष की आयु में भी अपने से 15-16 साल छोटे और अनुभवी खिलाड़ियों को चुनौती दे रहे संग्राम सिंह ने इस मुकाबले को लेकर कहा जब भी भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होता है, तो फैंस की भावनाएं और उम्मीदें बहुत चरम पर होती हैं। दबाव जरूर है, लेकिन उत्साह उससे कहीं ज्यादा है। मैं इस चुनौती के लिए पूरी तरह से फोकस्ड होकर तैयारी कर रहा हूं। दुनिया भर के मार्शल आर्ट्स फैंस अब बेसब्री से 19 जुलाई की उस ऐतिहासिक शाम का इंतजार कर रहे हैं।

## 101 रनों की धमाकेदार जीत के साथ फाइनल में पहुंचा भारत

# त्रिकोणीय सीरीजः रोहतक के छोरे निशांत सिंधु की फिरकी में उलझा अफगानिस्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



त्रिकोणीय 50-ओवर सीरीज के एक बेहद अहम और करो या मरो वाले मुकाबले में भारत ए ने अफगानिस्तान ए को 101 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया है। इस धमाकेदार जीत के साथ ही भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारत की इस ऐतिहासिक जीत के सबसे बड़े हीरो रहे रोहतक के युवा और होनहार स्पिन ऑलराउंडर निशांत सिंधु, जिन्होंने अपनी कातिलाना गेंदबाजी से अफगानिस्तान के बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी। निशांत ने बल्लेबाजी में योगदान दिया और 21 रन बनाकर नाबाद रहे निशांत सिंधु को उनके इस मैच जिताऊ प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। यह मुकाबला श्रीलंका में खेला गया।

### अफगानिस्तान पर भारी पड़ी चाइनामैन फिरकी

320 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान ए की शुरुआत सधी हुई रही। फैसल शिनोजादा (46) और बाहिर शाह (57) के बीच चौथे विकेट के लिए हुई 87 रनों की साझेदारी ने एक समय भारतीय खेमे में चिंता बढ़ा दी थी। लेकिन इसके बाद गेंद थामी हरियाणा के रोहतक से ताल्लुक रखने वाले बाएं हाथ के स्पिनर निशांत सिंधु ने। निशांत ने अपनी कसी हुई लेंथ और जादुई टर्न से सेट हो चुके अफगानी बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। उन्होंने खतरनाक दिख रही इस साझेदारी को तोड़कर मैच का पासा पूरी तरह भारत के पक्ष में पलट दिया। निशांत ने शानदार नियंत्रण दिखाते हुए अपने कोटे के ओवरों में मात्र 31 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और अफगानिस्तान की रन गति पर पूरी तरह ब्रेक लगा दिया।

### भारतीय बल्लेबाजों ने खड़ा किया 319 रनों का पहाड़

मैच में अफगानिस्तान 'ए' ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने इस फैसले को पूरी तरह गलत साबित कर दिया। कप्तान तिलक वर्मा (59 रन), प्रियांश आर्या (58 रन) और कुमार कुशाग्र (58 रन) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत 'ए' ने निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 319 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

## टी-20 वर्ल्डकपः शेफाली ने बल्ले के बाद गेंद से भी बरसाया कहर



रोहतक। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है। बुधवार को इंग्लैंड में खेले गए ग्रुप-ए के मुकाबले में भारत ने नीदरलैंड्स को 95 रनों से शिकस्त दी। इस ऐतिहासिक जीत की सबसे बड़ी स्टार रहीं रोहतक की विस्फोटक ओपनर शेफाली वर्मा, जिन्होंने पहले बल्ले से अर्धशतकीय पारी खेली और फिर अपनी फिरकी का जादू दिखाते हुए 3 विकेट भी चटकाए। बल्लेबाजी में स्मृति के साथ मिलकर की 115 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिपटॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को शेफाली वर्मा और उप-कप्तान स्मृति मंधाना (74 रन) ने धमाकेदार शुरुआत दिलाई। शेफाली वर्मा ने महज 38 गेंदों में 144.74 के स्ट्राइक रेट से 55 रन बनाए, जिसमें 10 चौके शामिल थे। 210 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की टीम भारतीय गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। मैच में असली सरप्राइज तब देखने को मिला जब कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शेफाली वर्मा को गेंदबाजी मोर्चे पर लगाया। शेफाली ने स्पिन गेंदबाजी से 3.2 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। भारत के लिए स्पिनर श्री चरणी ने सबसे घातक गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर 4 विकेट झटके।

### यू-14 सप्रिंग क्रिकेट गप : गोएल क्रिकेट क्लब ने 44 रन से जीता मैच



रोहतक। रोहतक के ऑक्सीजन क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए गोएल यू-14 सप्रिंग क्रिकेट कप के लीग मैच में गोएल क्रिकेट क्लब ने डीसीए मानसा यू-14 टीम को 44 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की है। केशव बंसल को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। मैच में डीसीए मानसा यू-14 की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोएल क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 40 ओवरों में 8 विकेट खोकर 219 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। गोएल क्रिकेट क्लब की ओर से कप्तान संकल्प ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 59 गेंदों में 9 चौकों की मदद से सर्वाधिक 62 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। डीसीए मानसा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए ध्रुव गर्ग और नमन ने 2-2 विकेट झटके। 220 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए मानसा यू-14 की टीम गोएल क्रिकेट क्लब की सटीक गेंदबाजी के सामने 39.2 ओवरों में 175 रनों पर ही सिमट गई। डीसीए मानसा के लिए आरव सिंह जौरा ने जुझारू बल्लेबाजी करते हुए 78 गेंदों में 5 चौकों की मदद से सर्वाधिक 59 रन बनाए। गोएल क्रिकेट क्लब को जीत दिलाने में गेंदबाजों ने मुख्य भूमिका निभाई, जिसमें केशव बंसल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 8 ओवर में 40 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए।

# आवेदनों का आंकड़ा 11 हजार के पार

**नेकीराम कॉलेज में बीसीए और बीबीए में सीटों के 12 गुणा से ज्यादा आवेदन आए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



प्रो. सुरेंद्र सांगवान

हरियाणा के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। जिन विद्यार्थियों ने अबतक आवेदन नहीं किया है वे विद्यार्थी अब 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। पहले विद्यार्थी 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सांगवान ने बताया कि कॉलेज में 16 कोर्स में 2580 सीटों पर 11317आवेदन आए हैं। नेकीराम कॉलेज में बीसीए और बीबीए में सीटों के 12 गुणा से आवेदन आए है। बीबीए में 60 सीटों पर 775 आवेदन आए हैं। वहीं, बीसीए में 120 सीटों पर 1422 आवेदन आए हैं। एमएससी जूलॉज और एमए साइकोलॉजी जैसे अहम विषय को मंजूरी दी गई हैं।

मिशन एडमिशन

**नेकीराम कॉलेज में एडमिशन की रेस**

| कोर्स नाम | कुल सीट | कुल आवेदन |
|---|---|---|
| बैचलर ऑफ आर्ट | 720 | 3928 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन इकोनॉमिक्स | 60 | 135 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन अंग्रेजी | 80 | 323 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन ज्योग्राफी | 80 | 299 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन हिंदी | 80 | 177 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन साइकोलॉजी | 40 | 238 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन इतिहास | 80 | 383 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन राजनीति विज्ञान | 80 | 285 |
| बीबीए | 60 | 775 |
| बीकॉम | 320 | 933 |
| बीसीए | 120 | 1422 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस | 240 | 936 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिक्ल साइंस | 400 | 614 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन गणित | 60 | 285 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन भौतिकी | 80 | 354 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन रसायन विज्ञान | 80 | 230 |

# मदवि में विश्व योग दिवस पर कार्यक्रम आज, सांसद भाटिया होंगे मुख्य अतिथि

■ सुबह 6 :30 बजे से क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (मदवि) 18 जून को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के सरदार वल्लभ भाई क्रिकेट स्टेडियम ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे से शुरू होगा। राज्यसभा सांसद संजय भाटिया समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया समारोह की अध्यक्षता करेंगे। रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल ने बताया कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय और स्थानीय समुदाय के विविध वर्गों को एक साथ लाकर योग के वैश्विक महत्व और शारीरिक तथा मानसिक कल्याण के संदेश को फैलाने का अवसर देगा। कार्यक्रम में एमडीयू के शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारी, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे। एनसीसी कैडेट, एनएसएस स्वयंसेवक, वाईआरसी स्वयंसेवक, खिलाड़ी तथा स्थानीय योग प्रेमी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता मानक योग प्रोटोकॉल के अनुसार समन्वित सामूहिक योग प्रदर्शन होगा। सत्र में सभी आयु-वर्ग के लिए उपयुक्त आसन, प्राणायाम और संक्षिप्त ध्यान का निर्देशित अभ्यास शामिल होगा।



रोहतक। कार्यक्रम का निरीक्षण करते कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल व अन्य।

### एमडीयू पहुंचे सांसद भाटिया, कुलपति ने किया स्वागत

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में आज देर शाम राज्यसभा सांसद संजय भाटिया के आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया और विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी, कुलपति के ओएसडी डॉ. रवि प्रभात, फैकल्टी हाउस इंचार्ज डॉ. संजीव कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# परिवेदना समिति की बैठक आज मंत्री श्रुति चौधरी करेंगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 18 जून को जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में दोपहर 2 बजे होगी। इसकी अध्यक्षता प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी करेंगी। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 12 शिकायतों की सुनवाई की जाएगी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि बैठक में शामिल शिकायतों में बिजली, पेयजल, सिंचाई, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पुलिस जांच, पंचायत भूमि और बैंक ऋण मूल्यांकन जैसे विषय प्रमुख हैं। सभी विभागाध्यक्षों को बैठक में समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के एजेंडे में शामिल प्रमुख मामलों में बाबा मस्तनाथ नगर क्षेत्र में नए बिजली कनेक्शनों पर लगाए जा रहे 114 रुपये प्रति वर्ग गज शुल्क का मामला भी शामिल है।

### निर्णयों पर होगी कार्रवाई



उपायुक्त सचिन गुप्ता

गांव फरमाणा बादशाहपुर के ग्रामीणों द्वारा कृषि योग्य भूमि पर कथित अवैध निर्माण तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बंद किए जाने संबंधी शिकायत पर भी समिति विचार करेगी। वहीं एक अन्य शिकायत में बैंक ऋण के बदले गिरवी रखी गई संपत्ति का बाजार मूल्य निर्धारित करने की मांग उठाई गई है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि बैठक का उद्देश्य लंबित जन शिकायतों का मौके पर समाधान करना तथा विभागों की जवाबदेही सुनिश्चित करना है। विभिन्न विभागों से प्राप्त रिपोर्टों और शिकायतकर्ताओं के पक्ष को सुनने के बाद समिति आवश्यक निर्णय और निर्देश जारी करेगी। बैठक में लिए गए निर्णयों पर आने वाले समय में संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

**नाराजगी** 8 से 14 वर्ष के खिलाड़ियों को 1500 व 15 से 19 को मिलते हैं 2000 रुपये

# अप्रैल में शुरू हुई खेल नर्सरी, ढाई माह बाद भी डाइट राशि के इंतजार में खिलाड़ी, ऐसे कैसे निखरेगी प्रतिभा

**2026-27 सत्र की डाइट राशि नहीं मिल पाई, खिलाड़ियों में नाराजगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




जिले के खिलाड़ी लगभग हर खेल में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सरकार समय-समय पर नई योजनाओं और घोषणाओं का दावा करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। खेल विभाग की ओर से हर वर्ष खेल नर्सरियां संचालित की जाती हैं, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारा जा सके। हालांकि नए सत्र की शुरुआत हुए करीब ढाई माह बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक खिलाड़ियों को वर्ष 2026-27 सत्र की डाइट राशि नहीं मिल पाई है। इससे खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों में विभाग के प्रति गहरी नाराजगी बनी हुई है।

दूसरी ओर, विभाग ने पिछले सत्र के खिलाड़ियों को राहत देते हुए लंबित डाइट राशि जारी कर दी है, जिससे वर्ष 2025-26 सत्र के खिलाड़ियों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। विभाग की ओर से जून 2025 से मार्च 2026 तक की डाइट राशि जारी की गई है, जिसके तहत जिले के 2310 खिलाड़ियों के खातों में करीब 2 करोड़ 46 लाख रुपये की राशि भेजी गई है। गौरतलब है कि खेल विभाग ने अप्रैल माह में नए सत्र की खेल नर्सरियों का संचालन शुरू किया था। वर्तमान में जिले में 48 सरकारी और 87 निजी खेल नर्सरियां संचालित हो रही हैं, जहां सैकड़ों खिलाड़ी प्रतिदिन विभिन्न खेलों का कड़ा अभ्यास कर रहे हैं।

### परफॉर्मेंस हो रही प्रभावित

इन खेल नर्सरियों में 8 से 14 वर्ष और 15 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। नियमों के अनुसार 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिमाह 1500 रुपये व 15 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को 2000 रुपये डाइट राशि के रूप में दिए जाते हैं। यह राशि खिलाड़ियों के पोषण और खेल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करती है। खिलाड़ियों का कहना है कि नए सत्र की शुरुआत के बाद समय पर डाइट राशि नहीं मिलने से उन्हें अतिरिक्त खर्च खुद वहन करना पड़ रहा है। खिलाड़ियों और कोचों का मानना है कि खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए संतुलित आहार सबसे जरूरी है, लेकिन भुगतान में लगातार हो रही इस देरी से उनकी खेल तैयारियां और मैदान पर परफॉर्मेंस प्रभावित हो रही है।

## न्यूज डायरी

### शिविर में बच्चों को बताया ब्रह्मचर्य का महत्व



रोहतक। आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते आर्य वीर दल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। आर्य वीर दल के तत्वावधान में आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में आयोजित सात दिवसीय आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन शिविरार्थी बालकों को शारीरिक, बौद्धिक और नैतिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बौद्धिक सत्र में शिविर उपाध्यक्ष आचार्य शक्तिदेव ने ब्रह्मचर्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंतिम धातु वीर्य की रक्षा से शारीरिक और मानसिक शक्ति का विकास होता है तथा व्यक्ति का जीवन ऊर्जावान बनता है। शिविर के बौद्धिक अध्यक्ष आचार्य प्रविंद्र ने ईश्वर के स्वरूप और उपासना के महत्व पर विचार रखे। उन्होंने यम और नियम की विस्तार से चर्चा करते हुए जीवन में अनुशासन और सदाचार अपनाने का संदेश दिया। शिविर अध्यक्ष ओम प्रकाश आर्य ने कहा कि शिक्षा मनुष्य को विनम्रता, योग्यता और सफलता के मार्ग पर अग्रसर करती है। विद्या से विनय, विनय से योग्यता, योग्यता से धन और धन से धर्म का मार्ग प्रशस्त होता है।

### संकट मोचन मंदिर में पूरी होती है हर मुराद



रोहतक। संकट मोचन मंदिर में विराजमान देवी-देवता व मंदिर का बाहरी दृश्य।

रोहतक। शहर के माता दरवाजा क्षेत्र में स्थित संकट मोचन मंदिर आज लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां सच्चे मन और श्रद्धा से मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। यही कारण है कि दूर-दूर से भक्त इस मंदिर में माथा टेकने पहुंचते हैं और अपनी खुशियां एवं समस्याएं भगवान हनुमान के चरणों में समर्पित करते हैं।
मंदिर की स्थापना 16 मई 1991 को ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री द्वारा की गई थी। बताया जाता है कि गुरुमां गायत्री ने अपने जीवन को भगवान हनुमान की भक्ति और सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। ध्यान अवस्था में उन्हें भगवान हनुमान से इस स्थान पर मंदिर निर्माण का आदेश प्राप्त हुआ, जिसके बाद बाबा लक्ष्मणपुरी जी के कर-कमलों से मंदिर की नींव रखी गई। उसी समय मंदिर में इच्छापूर्णी गदा की स्थापना भी की गई, जो आज मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता मानी जाती है।

### कथा के दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



रोहतक। सुभाष नगर स्थित सनातन धर्म हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा स्थल पर भगवान के जयकारों और भजनों से माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। कथावाचक पूज्य पंडित नंद किशोर ने श्रीमद्भागवत कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भगवान की महिमा, भक्ति, धर्म और मानव जीवन के कल्याण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्गदर्शन है।

### सोटे वाले मंदिर में पहुंचे बाबा कालिदास



रोहतक। सोटे वाले की पूजा करते बाबा कालीदास।

सांपला। भैसरू खुर्द स्थित आस्था एवं श्रद्धा के केंद्र बाबा सोंटे वाले मंदिर में आयोजित हवन-भंडारे में अंतरराष्ट्रीय संत, यज्ञ सम्राट एवं महामंडलेश्वर स्वामी श्री कालीदास महाराज ने शिरकत की। मंदिर पहुंचने पर उन्होंने सर्वप्रथम बाबा सोंटे वाले के चरणों में नमन कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर स्वामी कालीदास महाराज ने कहा कि युवाओं को सनातन मूल्यों को अपनाकर समाजहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म मानवता, सेवा, संस्कार और सदाचार का संदेश देता है।

### त्रिखा की 'मेरी झंड जिंदगी' का विमोचन



रोहतक। जाने माने रंगकर्मी और थिएटर प्रोमोटर विश्व दीपक त्रिखा की कहानियों की पुस्तक 'मेरी झंड जिंदगी' का विमोचन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के प्रांगण में एनएसडी निदेशक चितरंजन त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर नाट्य समीक्षक अनिल गोयल, प्रोफेसर रामजी बाली, नाट्य निदेशक श्याम कुमार, अविनाश सैनी, पारुल आहुजा और यतिन वधवा भी उपस्थित रहे। त्रिखा को पुस्तक के लिए बधाई देते हुए एनएसडी निदेशक ने कहा कि नाटक को आम जन के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए लोगों के जीवन की कहानियों का इस्तेमाल करना निश्चित ही काफी कारगर कदम साबित हो सकता है। त्रिखा की कहानियां जीवन की कड़वी सच्चाइयों और गंभीर से गंभीर मुद्दों को भी बेहद सहज एवं हास्यप्रद अंदाज में प्रस्तुत करती हैं।

## खबर संक्षेप

### जींद रोड पर कार-बाइक की भिड़ंत, युवक घायल

**रोहतक।** जींद रोड पर कार और बाइक की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिवाजी कॉलोनी निवासी राहुल अपनी बाइक पर जींद रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राहुल सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल को संभाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद कार चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया।

### जेई का फोन हैक कर खाते से निकाले 78 हजार रुपये

**महम।** महम बिजली घर में कार्यरत एक जेई के मोबाइल को हैक कर बैंक खाते से 78 हजार रुपये की ऑन लाइन ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध मे जेई ने महम थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस शिकायत में बहलबा गांव निवासी बबलू पुत्र बलबीर सिंह ने बताया कि वह महम बिजली घर में जेई के पद पर कार्यरत है। शाम को पांच बजे उसका फोन अचानक हैक हो गया और वह अपने आप ही अपडेट होने लगा। करीब 15-20 मिनट बाद वह नॉर्मल हो गया। उसके बाद उसने कुछ समय बाद अपने बैंक खाते का बेलेंस चैक किया। चैक करने पर पता चला कि उसके बैंक खतो से दो बार ट्रांजेक्शन हुई है। एक बार उसके खाते से 49 हजार 999.99 रुपये और दूसरी बार 28 हजार रुपये निकाले गए थे। उसकी कुल ट्रांजेक्शन 77 हजार 999.99 रुपये हुई थी। ये दोनों निकासी उसकी बिना जानकारी के हुई हैं।

### 24 घंटे में सुलझी चोरी की गुत्थी, तीन आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने किसान के खेत से हुई चोरी की वारदात का महज 24 घंटे में खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी को भी गिरफ्तार कर लिया है तथा चोरीशुदा कृषि उपकरण बरामद कर लिए हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित मार्गदर्शन में थाना लाखनमाजरा पुलिस ने यह कार्रवाई की। मामले में गांव चिड़ी निवासी किसान बिजेंद्र ने 14 जून को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि अज्ञात चोर उसके खेत में बने कमरे का दरवाजा उखाड़कर ट्यूबवेलों के स्टार्टर, ट्यूबवेल की हांडी, ट्यूबवेल की टी, चाबी-पाना और अन्य कृषि उपकरण चोरी कर ले गए। मामले की जांच उप निरीक्षक शमशेर सिंह को सौंपी गई।

## बाबा मस्तनाथ अंडरपास निर्माण के चलते बदला ट्रैफिक रूट, बढ़ी आवाजाही और सुरक्षा की चुनौती

# ओमेक्स सिटी में बढ़ीं वारदातें, अब पुलिस बढ़ाएगी गश्त



सड़क पर निर्माण कार्य चलते रूट डायवर्जन



सुनसान सड़क पर 7 जून को की गई थी फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक समय शहर की सबसे सुरक्षित और व्यवस्थित कॉलोनियों में गिनी जाने वाली ओमेक्स सिटी अब लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के कारण चर्चा में है। पिछले कुछ दिनों के भीतर यहां चेन स्नैचिंग, फायरिंग और एक छात्र के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने जैसी घटनाओं ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। हालात यह हैं कि लोगों ने शाम और रात के समय अकेले निकलने से भी परहेज करना शुरू कर दिया है। बढ़ते अपराधों को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का निर्णय लिया है। बता दें कि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के पास अंडरपास निर्माण कार्य के चलते यातायात का रूट डायवर्ट किया गया है। इसके कारण ओमेक्स सिटी बाइपास से हिसार,

### अलग खबर

### नहर किनारे टहल रही महिला से चेन झपटी

**1** क्षेत्र में सबसे ताजा घटना ओमेक्स सिटी के पास नहर किनारे सामने आई, जहां रात करीब 10 बजे सैर कर रही एक महिला चेन स्नैचरों का शिकार बन गई। जानकारी के अनुसार महिला रोजाना की तरह नहर किनारे टहल रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और महिला के पास आते ही उसके गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। अचानक हुई घटना से महिला घबरा गई और उसने शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी तेज रफ्तार बाइक पर फरार होने में सफल रहे। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### फाइनेंसर को मारी थी गोली

**2** ओमेक्स सिटी में 7 जून की रात हुई फायरिंग की घटना ने भी लोगों को झकझोर कर रख दिया। गांव डीघल निवासी 48 वर्षीय फाइनेंसर लवलेश उर्फ पप्पू पर अज्ञात हमलावरों ने उस समय फायरिंग कर दी, जब वह गली में टहलते हुए फोन पर बात कर रहा था। बताया गया है कि दो युवक पैदल उसके पास पहुंचे और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली लवलेश की कमर में लगी। इसके बावजूद उसने हिम्मत नहीं हारी और करीब 100 मीटर तक दौड़ लगाई। इसके बाद वह खुद कार चलाकर अस्पताल पहुंचा, जहां उसका उपचार किया गया। घटना की सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस और सीआईए टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। हालांकि अभी तक हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी है।

### ट्यूशन से लौटते समय लापता हुआ छात्र

**3** ओमेक्स सिटी क्षेत्र में एक और मामला लोगों की चिंता बढ़ाने वाला है। यहां ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहे 13 वर्षीय छात्र के लापता होने की घटना सामने आई है। छात्र की मां ने उसके पिता पर अपहरण का आरोप लगाया है। देव कॉलोनी निवासी कविता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा प्रणव साइकिल से ओमेक्स सिटी स्थित ट्यूशन सेंटर पढ़ने गया था। क्लास समाप्त होने के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। ट्यूशन सेंटर में पूछताछ करने पर पता चला कि प्रणव समय पर वहां से निकल गया था। इसके बाद परिजनों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। फुटेज में छात्र के पीछे एक कार चलती दिखाई दी। कविता का आरोप है कि उसका पति बेटे को अपने साथ ले गया है। उन्होंने बताया कि पति-पत्नी के बीच पिछले छह वर्षों से न्यायालय में विवाद चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और छात्र की तलाश जारी है।

### विशेष निगरानी रखी जाएगी



ओमेक्स सिटी क्षेत्र में सामने आई घटनाओं को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। रात के समय पीसीआर, राइडर और थाना पुलिस की पेट्रोलिंग को और प्रभावी बनाया जाएगा। चेन स्नैचिंग, फायरिंग और अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें कार्य कर रही हैं। एसपी ने लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस और आमजन के सहयोग से ही अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। **-गौरव राजपुरोहित, एसपी रोहतक**

### क्षेत्र में बढ़ती वारदातों को गंभीरता से लिया

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ती वारदातों को गंभीरता से लिया गया है। रात के समय गश्त बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा सीसीटीवी नेटवर्क को मजबूत करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### लोगों ने उठाए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद ओमेक्स सिटी और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि रात के समय पुलिस की मौजूदगी बहुत कम दिखाई देती है। नहर किनारे, बाइपास रोड और कॉलोनी के कुछ हिस्सों में पर्याप्त निगरानी नहीं होने का फायदा अपराधी उठा रहे हैं।

# सेक्टर-1, 2 और 3 की मार्केट सर्विस रोड 5 साल से बदहाल, हर मानसून में डूबता कारोबार





2018 में बनी सड़क 2021 से खस्ताहाल, दो से ढाई फीट तक भरता है पानी पाइपलाइन कार्य के चलते निर्माण अटका, दुकानदार और ग्राहक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

### सिटी पल्स

शहर के सेक्टर-1, सेक्टर-2 और सेक्टर-3 की मार्केट को जोड़ने वाली सर्विस रोड पिछले करीब पांच वर्षों से बदहाल स्थिति में है। वर्ष 2018 में बनी यह सड़क महज तीन साल बाद ही टूट-फूट का शिकार हो गई थी। वर्ष 2021 से इसके हालात लगातार खराब बने हुए हैं, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। मानसून के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब सड़क पर दो से ढाई फीट तक पानी भर जाता है और ग्राहकों का बाजार तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में सड़क तालाब का रूप धारण कर लेती है। सड़क पर बने गड्ढों और जलभराव के कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल आने वाले लोगों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। हालांकि पूरे सेक्टर क्षेत्र की सड़कों के सुधार के लिए करीब साढ़े चार करोड़ रुपये का टेंडर जारी हो चुका है। इसके बावजूद संबंधित सर्विस रोड का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। अधिकारियों के अनुसार सड़क के बीचों-बीच एचएसवीपी द्वारा पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रस्तावित है। जब तक पाइपलाइन डालने का काम पूरा नहीं होता, तब तक सड़क निर्माण शुरू नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि सड़क निर्माण की प्रक्रिया फिलहाल रुकी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइपलाइन कार्य कब शुरू होगा और कब पूरा होगा, इसकी कोई स्पष्ट समय-सीमा नहीं बताई जा रही।

### बारिश से पहले कार्य शुरू करवा दिया जाएगा



सड़कों के निर्माण को लेकर टेंडर जारी हो रखा है। लेकिन एचएसवीपी द्वारा पानी की बड़ी पाइपलाइन दबाई जानी है। इसलिए निर्माण कार्य रुका हुआ है। मार्केट की सड़कों को साफ सुथरा व इनकी मेटेंनेंस रखना प्राथमिकता है ताकि दुकानदारों को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। कोशिश यहीं है कि बारिश से पहले ही इसका कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। **-सुशील नांदल, पार्षद, वार्ड-12**

### पर्याप्त धन उपलब्ध नहीं करवाया



सड़क निर्माण को लेकर कई बार आवाज उठाई गई। बजट आने के बावजूद नगर निगम की ओर से लगातार यही कहा जाता रहा कि राशि जारी की जा रही है, लेकिन सड़क निर्माण के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध नहीं कराया गया। इसी वजह से उनके कार्यकाल में भी सड़क का निर्माण नहीं हो सका। नगर निगम की सदन बैठकों में भी इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। **-कदम सिंह अहलावत, पूर्व पार्षद, वार्ड-12**

### मार्केट में वाहन तक हो रहे बंद

दुकानदारों का कहना है कि बरसात के दौरान जलभराव के कारण कई बार वाहन बीच रास्ते में बंद हो जाते हैं। वहीं बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को बाजार तक पहुंचने में सबसे अधिक दिक्कत होती है। कई स्थानों पर सड़क की हालत इतनी खराब है कि दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

## शहर में चोरों ने मचाया कोहराम, कई जगह वारदातें

### एचडीएफसी बैंक से नेटवर्क राउटर चोरी, बाधित रही बैंकिंग सेवाएं

**रोहतक।** दिल्ली रोड स्थित बजरंग भवन के समीप एचडीएफसी बैंक शाखा में चोरों ने ऐसा सामान चोरी कर लिया, जिससे पूरी बैंक की नेटवर्क व्यवस्था ठप हो गई। राउटर चोरी होने के कारण बैंक का नेटवर्क डाउन हो गया और कर्मचारियों को कामकाज में परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में शाखा प्रबंधक संजय ने बताया कि दिल्ली रोड स्थित बैंक शाखा में नेटवर्क संबंधी समस्या आ रही थी। समस्या के समाधान के लिए टेक्निकल टीम के एक इंजीनियर को जांच के लिए बुलाया गया। जब इंजीनियर ने बैंक की नेटवर्किंग प्रणाली की जांच की तो पता चला कि शाखा का मुख्य नेटवर्क राउटर ही गायब है। राउटर चोरी होने के कारण बैंक का पूरा नेटवर्क प्रभावित हो गया था और कई ऑनलाइन सेवाएं बाधित रहीं। शुरुआती जांच में सामने आया कि अज्ञात व्यक्ति बैंक परिसर से राउटर चोरी कर ले गया। घटना का पता चलते ही बैंक प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

### राजीव गांधी स्टेडियम में सैर करने गए युवक की कार उड़ाई

**रोहतक।** राजीव गांधी स्टेडियम के बाहर खड़ी एक कार को चोर दिनदहाड़े उड़ा ले गए। कार मालिक रोजाना की तरह सुबह सैर करने के लिए स्टेडियम पहुंचे थे, लेकिन करीब दो घंटे बाद लौटे तो उनकी गाड़ी मौके से गायब मिली। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार सेक्टर-4 निवासी अमित सिंह बल्हारा ने बताया कि वह प्रतिदिन सुबह राजीव गांधी स्टेडियम में सैर करने के लिए आते हैं। घटना वाले दिन भी वह सुबह करीब 6:45 बजे अपनी गाड़ी स्टेडियम के बाहर खड़ी कर अंदर सैर करने चले गए। करीब 8:30 बजे जब वह वापस लौटे तो उनकी गाड़ी वहां नहीं थी, जहां उन्होंने उसे पार्क किया था। पहले उन्होंने आसपास तलाश की और परिचित लोगों से पूछताछ की, लेकिन गाड़ी का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्हें वाहन चोरी होने का संदेह हुआ और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि वाहन चोरों की पहचान की जा सके। अमित सिंह बल्हारा की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ वाहन चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।


*पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही*

### शांग्रीला स्वीट्स में सेंध, नकदी व लैपटॉप लेकर फरार हुआ चोर

**रोहतक।** सोनीपत रोड स्थित शांग्रीला स्वीट्स में देर रात एक शातिर चोर ने सेंध लगाकर लाखों रुपये की नकदी और लैपटॉप पर हाथ साफ कर दिया। चोर ने बड़ी सफाई से दुकान में प्रवेश किया और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। घटना का पता सुबह लगने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।अर्बन स्टेट थाना पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-4 निवासी दुकान मालिक चिराग नांदल ने बताया कि सुबह करीब सात बजे भारत नामक व्यक्ति का फोन आया, जिसने दुकान में चोरी होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह दुकान पर पहुंचे और अंदर का नजारा देखकर हैरान रह गए। जांच करने पर पता चला कि कैश बॉक्स में रखे 15 हजार रुपये तथा दराज में रखे बैग से 1 लाख 45 हजार रुपये गायब थे। इसके अलावा दुकान में रखा लैपटॉप भी चोरी हो चुका था। चिराग नांदल ने बताया कि उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी तो एक अज्ञात युवक वारदात को अंजाम देता दिखाई दिया। फुटेज में आरोपी ने अपना चेहरा कपड़े से ढका हुआ था। वह दुकान के साथ वाली दुकान की छत के पीछे स्थित खिड़की के रास्ते अंदर घुसा और नकदी व लैपटॉप चोरी कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अर्बन स्टेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## प्रशासनिक, राजनीतिक व जनसरोकारों से जुड़े चार बड़े कार्यक्रम निर्धारित

# प्रशासन के लिए आज का दिन रहने वाला है बेहद व्यस्त और चुनौतीपूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन के लिए वीरवार का दिन बेहद व्यस्त और चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। सुबह से लेकर दोपहर तक प्रशासनिक, राजनीतिक और जनसरोकारों से जुड़े चार बड़े कार्यक्रम निर्धारित हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम, लघु सचिवालय में समाधान शिविर, विकास भवन में जिला परिषद सदस्यों का प्रस्तावित धरना और उसी परिसर में परिवेदना समिति की बैठक के चलते अधिकारियों की भागदौड़ पूरे दिन बनी रहेगी। ऐसे में जो आम आदमी वीरवार को प्रशासनिक कार्य कराने के लिए अधिकारियों के पास पहुंचेगा, क्या उसे अधिकारी उनकी कुर्सी पर मिलेंगे। सबसे बड़ा सवाल 18 जून के लिए बस यही है।

### योग दिवस कार्यक्रम

**सुबह 6 :** दिन की शुरुआत सुबह छह बजे महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से होगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद संजय भाटिया और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा शिरकत करेंगे। प्रशासन को करीब पांच हजार लोगों की भागीदारी की उम्मीद है। वीआईपी आगमन और बड़े स्तर पर आयोजित कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासनिक अमला सुबह से ही सक्रिय रहेगा।

### नियमित समाधान शिविर प्रस्तावित

**सुबह 10 :** सुबह दस बजे लघु सचिवालय में नियमित समाधान शिविर प्रस्तावित है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों की सुनवाई की जानी है। हालांकि प्रशासनिक हलकों में इस बात की चर्चा है कि व्यस्त कार्यक्रमों के कारण शिविर स्थगित भी किया जा सकता है। वीरवार देर शाम तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई थी। ऐसे में शिकायतकर्ता निर्धारित समय पर लघु सचिवालय पहुंचेंगे। यदि अंतिम समय में शिविर स्थगित होता है तो फरियादियों को अनावश्यक परेशानी और समय की बर्बादी झेलनी पड़ सकती है।

### विकास भवन के बाहर धरना दिए जाने की संभावना

**सुबह 11 से 12 :** जिला परिषद सदस्यों द्वारा विकास भवन के बाहर धरना दिए जाने की संभावना है। पार्षद जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार से नगर निगम आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को भी जिला परिषद सदस्यों ने करीब पांच घंटे तक धरना दिया था। दिलचस्प बात यह है कि उसी शाम राज्य सरकार ने नरेंद्र कुमार को जिले की सभी नगरपालिकाओं का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंप दिया। ऐसे में अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पार्षद अपने घोषित कार्यक्रम पर कायम रहते हैं या आंदोलन की दिशा में कोई बदलाव करते हैं।

### जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक

**दोपहर 2 :** जिला विकास भवन में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक दोपहर दो बजे होगी। इसकी अध्यक्षता प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी करेंगी। मीटिंग में बिजली, पेयजल, पेंशन, पंचायत, पुलिस जांच और अन्य विभागों से संबंधित 12 शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।

### प्रशासन के लिए यह दिन किसी परीक्षा से कम नहीं होगा

एक ही दिन में चार महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के कारण वीरवार को प्रशासनिक अमले की व्यस्तता चरम पर रहने की संभावना है। विशेष रूप से विकास भवन में धरना और परिवेदना समिति की बैठक एक ही परिसर में होने से प्रशासन के लिए स्थिति और चुनौतीपूर्ण बन सकती है। कुल मिलाकर प्रशासन के लिए यह दिन किसी परीक्षा से कम नहीं होगा।

# वसीयत के बहाने करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप

## एडवोकेट दंपति पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वसीयत करवाने के नाम पर बुजुर्ग महिला से दस्तावेजों पर अंगूठा लगवाकर करोड़ों की संपत्ति हड़पने का मामला सामने आया है। सेक्टर-1 निवासी एक महिला ने गोहाना के एक अधिवक्ता और उसकी पत्नी पर धोखाधड़ी, जमीन अपने नाम करवाने तथा खाते से लाखों रुपये निकालने के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में सेक्टर-1 निवासी पूनम देवी पत्नी सुनील कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 में उसकी पहचान गोहाना निवासी एक अधिवक्ता और उसकी पत्नी से हुई थी। पूनम के अनुसार उसकी माता संतरा देवी अपनी हिस्से की जमीन की वसीयत उसके नाम करवाना चाहती थीं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 11 दिसंबर 2025 को अधिवक्ता उसकी माता को तहसील लेकर गया और वसीयत के दस्तावेज बताकर उनसे कई कागजातों पर अंगूठा लगवा लिया। पूनम का कहना है कि जब उसने अपने फोटो की बात कही तो अधिवक्ता ने यह कहकर टाल दिया कि वसीयत में केवल गवाहों के फोटो लिए जाते हैं। इसके बाद सभी को वापस घर ले आया गया।

### मामले की गंभीरता से जांच की जा रही

पूनम ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर अधिवक्ता ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अधिवक्ता और उसकी पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### न तो कोई चेक मिला और न ही जमीन की कोई राशि

पूनम देवी ने आरोप लगाया कि बाद में अधिवक्ता ने उन्हें बताया कि जिस जमीन की वसीयत उनके नाम होनी थी, वह उसकी पत्नी राजवंती के नाम दर्ज हो गई है। आरोप है कि रजिस्ट्री में जमीन की कीमत का भुगतान चेक के माध्यम से दिखाया गया, लेकिन न तो कोई चेक मिला और न ही जमीन की कोई राशि परिवार को प्राप्त हुई।